Established in 1901 CIN L33119UR1981PLC006092

# DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED

BHAGWANT KUTI KANKHAL-249408, HARIDWAR (UTTARAKHAND) INDIA

Manufacturers of Ayurvedic and Herbal Product

Phone: (01334) 243833, 245877, 242333 Tele Fax: (01334) 245866

E-mail: dral95@yahoo.com, dral96@yahoo.in website: www.deshrakshak.in

**To,** **Date:** May 30, 2026

**Corporate Compliance Department**
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai- 400001

**BSE Scrip Code: 531521**

**SUB- Submission of Newspaper Publication for Audited Financial Results for the Quarter & Financial year ended March 31, 2026 pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:**

Respected Sir/Mam,

Please find enclosed herewith Newspaper Publication of Audited Financial Results of the company M/s. Desh Rakshak Aushdhalaya Limited (**CIN:** L33119UR1981PLC006092) for the quarter and financial year ended March 31, 2026 as per Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 published in newspapers viz. The Hawk (in English) and Badri Vishal (in Hindi) on May 30, 2026.

You are requested to take on the record and do the needful.

Thanking You
Yours Faithfully
**For Desh Rakshak Aushdhalaya Limited**

Sohini

Sohini Bansal

Digitally signed by Sohini Bansal
Date: 2026.05.30 12:43:19 +05'30'

**Sohini Bansal**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**ICSI Membership No. 64620**

**Date:** May 30, 2026
**Place:** Haridwar

# International BRICS Academic Mid-Term Conference Organized In Dehradun

- **Representatives from 11 countries, including Brazil, Russia, India, China, South Africa, Egypt, and Ethiopia, participated in the conference held at Doon University**
- **The conference focused on the theme of India's BRICS Presidency 2026: "Resilience, Innovation, Cooperation, and Sustainability."**
- **Discussions centered on key areas such as green industrial transformation, biodiversity conservation, and climate finance.**

**Dehradun (The Hawk):** The International BRICS Academic Mid-Term Conference was organized in Dehradun on Friday. Held at Doon University, the conference saw the participation of delegates from 11 nations, including Brazil, Russia, India, China, South Africa, Egypt, and Ethiopia. The conference deliberated upon contemporary global challenges and their potential solutions.



The conference was inaugurated by Mr. Anand Bardhan, Chief Secretary of Uttarakhand; Prof. Surekha Dangwal, Vice-Chancellor of Doon University; Prof. Harsh V. Pant, Vice President of the Observer Research Foundation; and Mr. Shambhu L. Hakki, Joint Secretary (BRICS) and BRICS Deputy Sherpa, Ministry of External Affairs, Government of India. Prof. Sachin Kumar Sharma, Director General of the Research and Information System for Developing Countries (RIS), was also present during the inaugural session.

The central theme of the conference was "Building for Resilience, Innovation, Cooperation, and Sustainability," which reflects the core priority of India's BRICS Presidency for the year 2026. Hosted in the Himalayan state of Uttarakhand, the conference placed a special emphasis on themes surrounding resilience and sustainable development.

The event featured three major thematic sessions. These included critical subjects such as green industrial transformation amidst a fragmented global economy, biodiversity conservation through indigenous knowledge systems, and scaling up climate finance for a just green transition.

Brazil was represented by Walter Antônio Desiderá Neto, Researcher and BTTC Coordinator at the Institute for Applied Economic Research, and Alexandre dos Santos Cunha, Director of the Department of Regional, Urban, and Environmental Studies. Representing China were Professor Shi Xinfeng from Jimei University and Yukang Huang, Researcher at the University of International Business and Economics.

The Russian delegation was led by Victoria Panova, Head of the BRICS Expert Council, Vice-President of HSE University, and Russian W20 Sherpa. She was accompanied by Igor Muravev, an expert from the Institute of Natural Resource Economics and Climate Change, and Elena Perishkina, Deputy Head of the BRICS Expert Council.

South Africa marked the highest number of participants. Prominent experts, including Allucia Lulu Shokane, Dean of the Faculty of Humanities and Social Sciences at the University of Zululand, and Mogomme Alpheus Masoga, Chair of the South African BRICS Think Tank and Deputy Vice-Chancellor of Teaching and Learning at the Central University of Technology, shared their insights on issues concerning South Africa and other BRICS nations. Thandiwe Sechele and Senkhu Donatianus Maimane also contributed meaningfully to the discussions.

The participation of Omid Babelian, a diplomat and researcher associated with the Ministry of Foreign Affairs of Iran, was highly notable. Egypt was represented by Fatma Hamdon, an economic expert, and Mahmoud Mohsen Ahmed Ali, a political researcher from the Prime Minister's Technical Office.

The event also witnessed a robust turnout from Uttarakhand's local academic community, including Vice-Chancellors, Directors, academicians, and research scholars from various universities and institutes across the state. Researchers from different regions actively engaged in the sessions, interacting directly with global experts on international issues.

The deliberations at the conference yielded vital recommendations aimed at bolstering cooperation among BRICS nations in the fields of green industrial transformation, biodiversity conservation, and climate finance, further advancing the core objectives of India's 2026 BRICS Presidency.



BJP National President Nitin Nabin pays floral tribute to the portrait of late former Uttarakhand Chief Minister BC Khanduri during a condolence meeting, at the former CM's residence, in Dehradun. —PTI

# CM Dhami, Nitin Nabin Pay Tribute To BC Khanduri In Dehradun; Hold Meetings Ahead Of Assembly Polls

**Dehradun:** Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami, along with BJP National President Nitin Nabin, National General Secretary (Organisation) BL Santhosh and other senior party leaders, visited the residence of former Uttarakhand Chief Minister Bhuvan Chandra Khanduri in Dehradun on Friday to pay tribute to the late leader and offer condolences to his family.

CM Dhami said Khanduri consistently upheld the organisation's ideology and the spirit of "Nation First", adding that his disciplined leadership and commitment to public service would continue to inspire generations within the party. Ritu Bhushan Khanduri, Speaker of the Uttarakhand Legislative Assembly and daughter of the late former Chief Minister, expressed gratitude for the visit. Speaking to ANI, she said, "I express my deep gratitude to the National President and the National General Secretary for visiting our home and paying tribute to my revered father, General BC Khanduri. Their visit shows their love and respect for my father, and I am very grateful to them."

Later, Nitin Nabin and CM Dhami also held meetings with all Lok Sabha and Rajya Sabha MPs from Uttarakhand at Welcomhotel by ITC Hotels, The Madhuban, as part of preparations for the upcoming Assembly elections. BJP State President Mahendra Bhatt said the discussions focused on strengthening the party organisation and electoral strategy. —IANS

# Uttarakhand's Cultural Star Omprakash Semwal To Retire On May

Swati

**Srinagar (The Hawk):** Eminent educationist, litterateur, and cultural activist Shri Omprakash Semwal, a prominent name in Garhwali literature and folk culture, will retire on May 31 from his post as Principal of Shaheed Bharat Singh Government Inter College, Maltoli, after decades of dedicated service.Born in Darmwari village of Jakhdhar region in Rudraprayag district, Shri Semwal, son of Late Smt. Kalawati Devi and Late Shri Pitambar Dutt Semwal, has made remarkable contributions to education, literature, folk music, and social awareness. Holding an M.Sc. in Physics and a B.Ed., he successfully balanced academics with cultural and literary pursuits throughout his career.Described by noted educationist and writer Dr. Akhilesh Chandra Chamola 'Vachaspati' as a "shining cultural star of Uttarakhand," Semwal is widely respected for his deep dedication to the Garhwali language and heritage. His literary works including Kalsudi Bhajan Mala (2002), Meri Poofu (2009), Dhungla (2013), and Chunau (2020) beautifully portray the traditions, struggles, and emotions of rural Garhwal.Apart from literature, his devotional songs dedicated to regional deities such as Maa Falasi Chandika, Baba Tungnath, and Koteshwar Mahadev have earned immense popularity across Uttarakhand. His songs, stories, and interviews have regularly been broadcast on All India Radio and Doordarshan Uttarakhand.Shri Semwal is also the founder of the Kalash Sahityik Sanstha (Trust), established in 2004, which has emerged as a major cultural movement in Uttarakhand. Under his leadership, the organization has successfully conducted 562 literary and social programs, including more than 372 Kavi Sammelans and 42 book launches, while also supporting talented students and honoring distinguished personalities.Dr. Akhilesh Chandra Chamola further stated that personalities like Omprakash Semwal never truly retire, but continue to inspire society through their creative and cultural contributions.Recipient of several prestigious honors including the Youth Icon Award, Uttarayani Samman, Devbhoomi Lok Samman, and numerous literary recognitions, Shri Semwal now plans to devote his post-retirement life fully to literature, folk culture, and social service.His lifelong contribution continues to inspire generations across Uttarakhand and beyond.



**NORTHERN RAILWAY**
**E-AUCTION NOTICE**
The bids are invited from the registered entities on IREPS by Sr.DCM./Chg./MB (ACO) through e-auction on 17.06.2026 for the allotment of Automatic Vending Machine(AVM) in Moradabad Division. The catalogues have already been published on IREPS website **www.ireps.gov.in** and detail of e-auction are available at website **www.ireps.gov.in**
1813/26
Sr. Divisional Commercial Manager
N.Rly. Moradabad
SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

**Admin-12011(14)/6/2025-eoffice**
**Government of India**
**Ministry of Health and Family Welfare**
**Department of Health and Family Welfare"(Drugs Section)**
****

Central Drugs Standard Control Organisation invites application from eligible candidates for filling up the post as mentioned below at Central Drugs Standard Control Organisation on deputation basis. The last date for receiving the applications will be within 60 days from the date of publication of this advertisement.
2. For further details please visit CDSCO's website https://cdsco.gov.in

| Sl.No. | Name of the Post | Pay as per 7th CPC | No. of Post | Office for which the posts is filled up |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Head Clerk, Non-Gazetted, Non-Ministerial | Pay Level-6 (Rs.35400 – 112400) of pay matrix of 7th CPC | 04 | Central Drugs Standard Control Organisation |

Director (Admn.)
CDSCO, HQ, Director General Health Services,
FDA Bhawan, Kotla Road, New Delhi – 110002
cbc 17194/11/0003/2627

**SHUBHAM HOUSING DEVELOPMENT FINANCE CO. LTD.**
shubham
Corporate Office : 425, Udyog Vihar Phase IV, Gurgaon-122015 (Haryana)
Ph.: 0124-4212530/31/32, E-Mail : customercare@shubham.co Website : www.shubham.co

**POSSESSION NOTICE (FOR IMMOVABLE PROPERTY)**

**Whereas the undersigned being the authorized officer of the Shubham Housing Development Finance Company Limited (hereinafter called Shubham) under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice calling upon borrowers to repay the amount within 60 days from the date of receipt of the said notice.**

The borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrowers and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under Section 13(4) of the said Act read with rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002.

The borrowers in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing with the property will be subject to the charge of Shubham Housing Development Finance Company Limited for an amount detailed below and interest thereon.

**The borrower's attention is invited to provisions of sub section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets. Details are as below:**

| S. No. | Loan No./Borrower(s) Name | Demand Notice Date & Amount | Secured Asset | Affixation Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Loan No. 0HDR2311000005073104, AMIT KUMAR, SUDAN | 12-02-2026 & ₹ 5,08,322/- | Property situated at Gram Puranpur Salhapur, Khasra No. 245 Pargana Roorkee, Tehsil And Distt- Haridwar, Uttarakhand- 249402 / **Area-** 110.45 Sq.Mtrs (**Boundary -:** East - Road 25 Ft Wide, West - House of Surendra, North - House of Lathan Singh, South - House of Raja Ram) | 28-05-2026 |
| 2 | Loan No. 0ROR2206000005048567 & 0ROR2208000005050768, MOHD IMRAN, SHABINA | 12-02-2026 & ₹ 17,75,003/- & ₹ 10,22,263/- | Property situated at Plot No. 66 Chak No. 1275 part of Khasra No. 271 and 272 situated at Manglour Bahar Hadood Pargana Manglour Tehsil Roorkee & Distt. Haridwar, Uttarakhand 247665 / **Area-** 950 Sq.Ft (**Boundary -:** East - Boundary Wall of Wasim Ahmad, West - Way 30 Ft Wide, North - Plot No.65, South - Plot No.67) | 28-05-2026 |
| 3 | Loan No. 0HDW2502000005102673, MAMTA DEVI, RAMVATI DEVI, RAJU | 12-03-2026 & ₹ 20,43,819/- | Property Khasra No. 46, 110/ 1, 62, situated at Village Rainta, Tehsil Bazpur & Distt Udham Singh Nagar, Uttarakhand - 263148 / **Area-** 13347 Sq.Ft (**Boundary -:** East - Keshowala - Bannakhera Road, West - House of Dinesh, North - House of Mohan, South - House of Suresh) | 28-05-2026 |
| 4 | Loan No. 0HDR2409000005090261, MANISH GOYAL, ARTI RUHELA | 12-03-2026 & ₹ 5,20,060/- | Property bearing part of Khasra No.156 situated at Ward No.19 Mohalla Shivpuram, Gram Rahimpur, Pargana Bhagwanpur, Tehsil Roorkee & District Haridwar, Uttarakhand -247667 / **Area-** 41.03 Sq.Mtrs (**Boundary -:** East - 10 Ft Wide Road, West - Property of Satya Singh Negi, North - Plot of Seller, South - Property of Ekant Tyagi) | 28-05-2026 |
| 5 | Loan No. 0ROR2308000005068441, ANKIT KUMAR, SEEMA DEVI, LALIT KUMAR | 12-03-2026 & ₹ 7,97,004/- | Property bearing part of Khasra No. 34, 35Kh, 36, 37Kh, & 63, 97, & 174, situated at- Village- Ballupur, Tehsil- Bhagwanpur & Distt Haridwar, Uttarakhand - 247668 / **Area-** 3070.82 Sq.Ft | 28-05-2026 |

Place : Gurugram
Date : 29.05.2026
Authorised Officer
Shubham Housing Development Finance Company Limited

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे हक में पंजीकृत विक्रय पत्र जो बही संख्या 01 जिल्द 2262 के पृष्ठ 139 से 156 पर क्रमांक 3772 पर दिनांक 13.05.2014 को रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी/ उप–निबंधक, रूड़की, द्वितीय जिला हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत हुआ है, दिनांक 18.05.2026 को सलेमपुर राजपुतान रूड़की में कहीं गुम हो गया है, यदि किसी व्यक्ति को मेरा उक्त विक्रय पत्र मिलता है तो मेरे निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें एवं उसका अन्यथा दुरूपयोग न करें।
**घोषणाकर्ता:**–श्रीमती रंजीता पत्नी मान सिंह पुत्री रमेश निवासी ग्राम डकरावरी थाना व तहसील रामपुर मनीहारान जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश।

**E- AUCTION NOTICE**

E- Auction forms are invited from interested buyers for disposal, strictly on "As Is Where Is" basis, on 'Per Lot Basis', for damaged salvage **"Damaged Aluminum Solar Panel Frame"** belonging to **Insolation Green Energy Private Limited**. Locations :- **M/S Znshine Solar World Private Limited, Kh. 132, 137, 138, 139m & 147, Vardhaman Industrial Estate, Village Bahadurpur Saini, Haridwar, Uttarakhand, State Code – 05, PIN Code 249401 (India)**. Last date for inspection & EMD Deposit – **05/06/2026.** E-Auction to be held on **06/06/2026**. For E-Auction forms, Contact Mr. Shobhit Chandra at Mob: - +91-7007759316 of **Prosal Auctions Private Limited (Auctioneer)** For More Details: www.prosal.in

**DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED**
CIN: **L33119UR1981PLC006092**
R/o: **Bhagwant Kuti** Kankhal, **Haridwar, Uttarakhand-249408**
**Email Id: dral96@yahoo.in; Website: www.deshrakshak.in**

**STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER & FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31, 2026**

The Board of Directors of the Company, at meeting held on May 29, 2026 approved the Audited Financial Results of the Company for the quarter and for the financial year ended March 31, 2026. The Financial Results along with the Auditor's Report along with Statement of Assets and Liabilities and Cash Flow Statement posted on the company's website at https://www.deshrakshak.in/wp-content/uploads/2026/05/Q4-12.pdf and can be accessed by scanning the Quick Response (QR) Code given below.

**For DeshRakshakAushdhalaya Limited**

**Sd/-**
**Tosh Kumar Jain**
**Managing Director**
**(DIN: 01540363)**

**Date: 29.05.2026**
**Place: Haridwar**
**Note: The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

AXIS BANK

**Important Announcement**

**We are moving**

Axis Bank's branch in Vikas Nagar, Dehradun will move to a new location from the 10th of August 2026.

**Current address:**
**Axis Bank Ltd., Ground Floor, Property No 33, Nagar Palika No. 1/187, Ward 33, Main Market Chakrata Road, Vikas Nagar, Dehradun, Uttarakhand - 248198**

**New address:**
**Axis Bank Ltd., 1st Floor, Khasra No 3908, Situated at Mauza Rasoolpur, Pargana Pachwa Doon, Tehsil Vikas Nagar, Dehradun, Uttarakhand - 248198**

We look forward to welcoming you.

# कुंभ मेला-2027 की तैयारियों में तेजी, अपर मेलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**हरिद्वार ( बद्री विशाल )।** विश्व प्रसिद्ध कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने अवस्थापना एवं निर्माण कार्यों में तेजी ला दी है। सड़कों, पुलों, स्वच्छता व्यवस्था और यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन लगातार निरीक्षण और समीक्षा कर रहा है।

मेला प्रशासन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, वरिष्ठ अधिकारियों, तकनीकी सेल के अभियंताओं तथा गुणवत्ता परीक्षण एजेंसियों की टीम लगातार स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही है।

इसी क्रम में शुक्रवार को अपर मेलाधिकारी श्री दयानंद सरस्वती ने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के अधिकारियों के साथ भूपतवाला-सप्तसरोवर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र की आंतरिक सड़कों की स्थिति का मूल्यांकन किया गया तथा मरम्मत एवं सुधार कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अपर मेलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रशासन क्षेत्रीय सड़कों के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने बताया कि मेलाधिकारी द्वारा भी पूर्व में कई बार क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन किया गया है और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भारत माता मंदिर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश देते हुए कहा कि यह सड़क श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए इस मार्ग का मजबूत और सुगम होना आवश्यक है।

अपर मेलाधिकारी ने कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नालियों की नियमित सफाई कराने तथा क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने धनौरी-सिडकुल मार्ग पर पथरी रौ नदी पर निर्माणाधीन दो लेन मोटर पुल का भी स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई अनुभव नौटियाल, तकनीकी सेल के अभियंता अतुल शांडिल्य सहित लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# हरिद्वार में पाकिस्तानी कनेक्शन का बड़ा खुलासा, शिक्षिका सोनम पर 20 लाख ट्रांसफर करने का आरोप

**हरिद्वार ( बद्री विशाल )।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले से सामने आए कथित पाकिस्तानी कनेक्शन मामले ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। कलियर क्षेत्र की रहने वाली एक निजी स्कूल शिक्षिका सोनम को लेकर हरिद्वार पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि सोनम ने कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे लोगों के इशारे पर अलग-अलग बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर किए और इसके बदले मोटा कमीशन हासिल किया।



मामले का खुलासा तब हुआ जब जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ से राहुल खान नामक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोनम का नाम सामने आने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम हरिद्वार पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोनम को गिरफ्तार कर लिया।

हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के अनुसार, पूछताछ में सोनम ने स्वीकार किया कि उसने अब तक करीब 20 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए हैं। इन ट्रांजेक्शन के बदले उसे लगभग दो लाख रुपये कमीशन मिला। पुलिस का कहना है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद गोपनीय तरीके से संचालित किया जा रहा था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक सोनम अपनी एक महिला मित्र के माध्यम से उमर नाम के व्यक्ति के संपर्क में आई थी। बाद में उसकी बातचीत हसीन नामक युवक से कराई गई। पुलिस के अनुसार सोनम को पार्सल के जरिए एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और बैंक पासबुक भेजी जाती थीं। इन खातों में रकम जमा होने के बाद वह पैसा अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर देती थी।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने सोनम के कब्जे से कई एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस अब इन दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि अभी तक 20 से 25 बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन की जानकारी सामने आई है। पुलिस उन खाताधारकों की भी जांच कर रही है जिनके खातों में रकम भेजी गई। साथ ही सोनम के दोस्तों, रिश्तेदारों और संपर्क में आए अन्य लोगों की कुंडली भी खंगाली जा रही है।

पुलिस का कहना है कि यदि जांच में किसी स्थानीय व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हैं और आने वाले दिनों में कुछ और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।

इस मामले के सामने आने के बाद हरिद्वार समेत पूरे उत्तराखंड में सनसनी फैल गई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि आखिर इस नेटवर्क का मकसद क्या था और इसके तार कहां तक जुड़े हुए हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित, छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश



**हरिद्वार ( बद्री विशाल )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू निषेध, मध्यस्थता और प्री-लिटिगेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर रहीं। गोष्ठी में क्वानंटम यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की टीम से पहुंचे रोहित यादव और विनोद कुमारी ने तंबाकू सेवन और नशे की लत से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

कार्यक्रम में एडीजीसी सिविल अनिल कुमार ने प्री-लिटिगेशन एवं मध्यस्थता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं एडीजीसी (फौजदारी) कुशल पाल सिंह चौहान ने मध्यस्थता अधिनियम से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। एडीजीसी पॉक्सो आदेश चंद्र चौहान ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराया, जबकि अधिवक्ता ललित मिगलानी ने बढ़ते साइबर क्राइम और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

इसके अतिरिक्त अधिकार मित्र राघवेंद्र नाथ धारी ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम एवं उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

गोष्ठी के दौरान क्वांटम यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने न्यायालय परिसर में तंबाकू निषेध और उसके दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति जनपद न्यायाधीश नरेंद्र दत्त, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुई, जिसे सभी ने सराहा।

कार्यक्रम के समापन पर सिविल जज सीनियर डिवीजन ज्योति बाला, प्रथम अपर सिविल जज (एसडी)/एसीजेएम छवि बंसल एवं सचिव सिमरनजीत कौर ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और गोष्ठी में विचार रखने वाले सभी वक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी रमन कुमार सैनी, लॉ इंटर्न सोमा सरन और अपूर्वा चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में आयुक्त रंजना राजगुरु ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### आयुक्त रंजना राजगुरु ने जनपद टिहरी में राजस्व कार्यकलापों की समीक्षा की



**नई टिहरी।** रंजना राजगुरु आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद / सचिव, आयुष एवं आयुष शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में जनपद टिहरी गढ़वाल के कलेक्ट्रेट सभागार में आज शुक्रवार राजस्व कार्यकलापों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त रंजना ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष दिया। एमएमआर कार्यों के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता हेतु निर्देश दिए। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति बढ़ाने तथा ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्ण रूप से ऑनलाइन संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने न्यायालयों में लंबित वादों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टिहरी जनपद में कोर्ट केसों का व्यवस्थित निस्तारण किया जा रहा है, जो सराहनीय है।

बैठक में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल ने जनपद में विभिन्न विभागों के रिक्त पदों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने तहसीलवार कुल राजस्व वादों की स्थिति एवं प्रगति से भी आयुक्त को अवगत कराया।

इस बैठक के दौरान राजस्व न्यायालयों के कार्यकलापों की समीक्षा, वसूली की समीक्षा, तहसील के आवासीय / अनवासिय निर्माणाधीन भवनों की अघतन स्थिति, राजस्व उप निरीक्षक / राजस्व निरीक्षक चौकियों के निर्माणाधीन भवनों की स्थिति, नक्शा प्रोजेक्ट की स्थिति, अंश निर्धारण की कार्यवाही को पूर्ण करने संबंधित कार्ययोजना, मा. मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा, एग्रीस्टेक, ई-ऑफिस संचालन की प्रगति, रिकार्ड रूम/वीडिंग एवं आदि कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, एसडीएम आशीष घिडियाल, एसडीएम मंजू राजपूत, एसडीएम कमलेश मेहता, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# अकोढ़ा कला में लगा जनता दरबार, ग्रामीणों ने खुलकर रखीं समस्याएं

### *बिजली, पानी, सड़क और पेंशन के मामलों पर प्रशासन सख्त, कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण*




**लक्सर।** ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को विकासखंड लक्सर की ग्राम पंचायत अकोढ़ा कला में जनता दरबार आयोजित किया गया। अपर जिलाधिकारी वैभव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, पेंशन, राजस्व और अन्य जनसमस्याओं को प्रशासन के सामने रखा।

जनता दरबार में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर राहत प्रदान की। जिन शिकायतों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं हो सका, उन्हें तय समय सीमा के भीतर हल करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

अपर जिलाधिकारी वैभव गुप्ता ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया और लोगों ने खुले मंच पर अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी लक्सर, खंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जागर सम्राट पद्मश्री प्रीतम भरत्वाण के गढवाली गीतों ने बांधा समा

**नई टिहरी ।** नरेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत गजा मे आयोजित द्वितीय गजा घंटाकर्ण महोत्सव के समापन पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, साथ ही शुरुआत में कीर्तन मंडली ने भजन कीर्तन किए, समापन दिवस पर जागर सम्राट पद्मश्री प्रीतम भरत्वाण ने घंटाकर्ण जागर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की, उसके बाद मेरु हिमवंत देश, पहाड़ प्यारो ,बिंदुली,समधी जी मेरा नाती की जड्वान छ, ध्याणी बल कैमरा क बीच, के साथ ही एक से बढकर एक गढवाली गीतों के साथ दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया।

दर्शकों की लगातार फरमाइश आती रही,समापन अवसर पर पहुंचे चम्बा ब्लॉक जेष्ठ प्रमुख संजय मैठाणी, कनिष्ठ प्रमुख श्रीमती सरोज मखलोगा, सैनिक संगठन के अध्यक्ष संजय रावत, पूर्व जेष्ठ प्रमुख साहब सिंह सजवाण, सैनिक संगठन के कृष्णा ममगांई, भूपेंद्र धनोला, रिटायर कर्नल मूर्ति सिंह सजवाण का अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राजेश रावत, जिला पंचायत सदस्य ताजबीर सिंह खाती, जोत सिंह असवाल, महोत्सव समिति के सुनील सिंह चौहान, भगवान सिंह चौहान, टंखी सिंह नेगी, विनोद चौहान ने माल्यार्पण, शाल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया, मेला समिति ने क्षेत्र के सभी प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, व प्रीतम भरत्वाण एवं टीम तथा अन्य अतिथियों का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया, विद्यालयों के शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह दिया गया, समापन अवसर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि महोत्सव हमारी सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक धरोहर हैं, इससे जहाँ विकास कार्यों की झलक मिलती है वहीं संस्कृति संरक्षण को जीवित रखने का दायित्व भावी पीढ़ियों पर है, कहा कि स्टालों के माध्यम से लोगों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदों, जन प्रतिनिधियों व महोत्सव आयोजन मे लगे हुए सभी लोगों द्वारा एकजुटता से कार्य करने की सराहना की,कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यहाँ आ कर विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की सौगात दी है, इस अवसर पर तहसीलदार गजा विनोद तिवारी, अधिशासी अधिकारी रोहित परमार, पुलिस कर्मी, नगर पंचायत के सभी कर्मचारी तथा सुरेश कोठरी, रंजना चौहान, मंजू देवी, रविंद्र राज, राजेश गैरोला, शूरबीर भंडारी, प्रियंका चौहान,बिरेंद्र चौहान, राधिका नेगी, फ्योंला देवी, सोनम नेगी, जयेंद्र सिंह, भगवान सिंह रावत, आनंद सिंह खाती,राजेन्द्र सिंह सजवाण, पूर्ण सिंह, जसवंत सिंह चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, महोत्सव के अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान ने महोत्सव आयोजन मे सहयोग करने वाले सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया।




## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आरिफ व पुत्रवधू रिजवाना मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मेरे और मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं जिस कारण मैने अपने पुत्र आरिफ व पुत्रवधू रिजवाना को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखलकर सभी संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में उनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं और मेरा परिवार उत्तरदाई नहीं होगा।

**खुर्शीद पुत्र वलजीरा**
**निवासी ग्राम श्यामपुर कांगड़ी**
**थाना श्यामपुर जिला हरिद्वार**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रामपाल व पुत्रवधु श्रीमती शिवानी मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं तथा मेरे साथ गलत व्यवहार करते हैं। जिस कारण से मैंने उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य, व्यवहार व लेनदेन के लिए मैं व मेरा शेष परिवार उत्तरदायी नहीं होगा।

**श्रीमती रेखा पत्नी**
**श्री धर्मपाल, निवासी**
**मकान नं. 42, जगजीतपुर,**
**कनखल, हरिद्वार।**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावजों में मेरा नाम कृष्णपाल ऊर्फ बुद्धू और कुछ में कृष्णपाल दर्ज है। अब मुझे कवल कृष्णपाल ऊर्फ बुद्ध के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाए। साथ ही सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम कृष्णपाल ऊर्फ बुद्ध दर्ज करना न्यायोचित होगा।

**कृष्णपाल**
**ऊर्फ बुद्ध पुत्र चतरू**
**निवासी ग्राम टिकोला,**
**पो. शाहपुर शीतलाखेड़ा,**
**जिला हरिद्वार।**

## कार्यालय प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम

अंजनीचौड डिपों, श्यामपुर कांगडी, हरिद्वार-249408
E-mail-dfdm.haridwar@yahoo.com, Mob. No- 9568003229

पत्रांकः 287/निविदा विज्ञप्ति/ दिनांकः-29/05/2026

**प्रकाष्ठ, जड एवं जलौनी आदि ढुलान हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

गढ़वाल मण्डल के क्षेत्रीय प्रबन्धक (ग० क्षे०) कोटद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार लौगिंग प्रभाग के कार्यालय में पंजीकृत समस्त इच्छुक ढुलानकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व में प्रकाशित सम्बन्धित विज्ञापनों को निरस्त करते हुए हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार के अन्तर्गत चिड़ियापुर राजि से वर्ष 2025-26 में आवंटित लौट संख्या 68/2025-26 व 72/2025-26 से उत्पादित प्रकाष्ठ, जड व जलौनी को चिड़ियापुर डिपों तक ट्रक/ट्रैक्टर से ढुलान कार्य हेतु दिनांक 06.06.2026 से अपरान्ह 02:00 बजे तक मोहरबन्द निविदाएं पंजीकृत/स्पीड पोस्ट/कोरियर डाक से आमन्त्रित की जाती है, जिन्हे दिनांक 06.06.2026 के अपरान्ह 04:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी/क्षेत्रीय प्रबन्धक (ग० क्षे०), कोटद्वार द्वारा गठित समिति के उपस्थिति में निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। निर्धारित तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदाएं अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा की शर्ते, निविदा फार्म एवं ढुलान कार्य का विवरण दिनांक 30.05.2026 से 05.06.2026 तक सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में रु0 118.00 (रु० एक सौ अठारह) मात्र जी०एस०टी० सहित प्रति फार्म नकद जमा करके तथा पंजीकरण पत्र दिखाये जाने पर प्राप्त किया जा सकता है।

साथ ही सूचित करना है कि उक्त निविदा के सम्बन्ध में दिनांक 02.06.2026 को सांय 03:00 से 04:00 बजे के मध्य एक पूर्व बोली (प्री-बिड) बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें सम्बन्धित ढुलानकर्ताओं को आ रही सभी समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक
उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हरिद्वार।

दूरभाषः - 9568003229

## DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED

CIN: L33119UR1981PLC006092
R/o: Bhagwant Kuti Kankhal, Haridwar, UR- 249408
Email Id: dral96@yahoo.in; Website: www.deshrakshak.in

**31/03/2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु एकल (स्टैंडअलोन) लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

कंपनी के निदेशक मंडल ने 29 मई, 2026 को आयोजित बैठक में 31 मार्च, 2026 के समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। वित्तीय परिणाम के साथ लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिसंपत्तियों एवं देयताओं का विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.deshrakshak.in/wp-content/uploads/2026/05/Q4-12.pdf पर पोस्ट किए गए हैं और नीचे दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांकः 29.05.2026
स्थानः हरिद्वार

वास्ते देश रक्षक औषधालय लिमिटेड
Sd/-
तोष कुमार जैन
प्रबंध निदेशक
(DIN: 0 1540363)

नोटः उपरोक्त सूचना, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 सहपठित विनियम 47(1) के अनुसार है।